an>

title: Need to ensure adequate supply of gas to Gujarat at reasonable price.

डॉ. किरिट पी. सोलंकी (अहमदाबाद) : माननीय अध्यक्ष महोदया, मैं शून्य काल के माध्यम से आपके संज्ञान में लाना चाहता हूं कि वर्तमान समय में गुजरात राज्य में विद्युत उत्पादन की क्षमता 18270 मेगावाट की है, जिसका लगभग 23 प्रतिशत यानी 4172 मेगावाट गैस पर आधारित है। इसमें से 2926 मेगावाट विद्युत की आपूर्ति गुजरात विद्युत निगम लिमिटेड को की जाती है।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : मैंने सब एडजर्नमैन्ट मोशन टेक अप किये हैं, आप बैठिये, मैं बाद में देखूंगी।

डॉ. किरिट पी. सोलंकी: ऐसे प्रोजैक्टों के लिए प्रतिदिन 14.35 मिलियन क्यूबिक मीटर गैस की आवश्यकता होती है, ऐसे में मात्र 2.63 मिलियन क्यूबिक मीटर गैस की आपूर्ति गुजरात को की जाती है। इस कारण 11.72 मिलियन क्यूबिक मीटर गैस की आपूर्ति नहीं हो पाती है, जिसके कारण 2422 मेगावाट क्षमता वाले संयंत्र निष्क्रिय पड़े रहते हैं। वाइब्रेन्ट गुजरात सम्मिट से होने वाले निवेश के कारण नये 1078 मेगावाट संयंत्रों के लिए भी प्रतिदिन 5.4 क्यूबिक मीटर गैस की आपूर्ति जरूरी है, जिसका आबंटन होना अभी बाकी है। ऐसे में निष्क्रिय पड़े संयंत्रों का प्रयोग न केवल गुजरात राज्य के लिए बल्कि अन्य राज्यों के लिए भी लाभकारी होगा।

इसलिए मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि गुजरात में विद्युत उत्पादन बढ़ाने के हेतु घरेलू गैस उचित दर पर उपलब्ध कराई जाए, जिससे गुजरात राज्य के अलावा अन्य राज्यों का भी विद्युत संकट दूर हो सके। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष : आप लोग 377 और जीरो ऑवर में फर्क समझिये। मैं बार-बार बोल रही हूं कि जीरो ऑवर में लम्बा-चौड़ा कागज नहीं पढ़ा जाता है। जो मैटर आपको उठाना है, उसे केवल थोड़े समय में उठाना होता है। आप पूरा का पूरा मैटर पढ़ते हो,